	विश्वेश्वर नाडोला बनाम लो.सू.अ. (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) सू.अ.अ. अपील संख्या 39/2020	अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
02.03.20	पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी विश्वेश्वर नाडोला पता माली थलियों का बास, होटल सिटी पेलेस के पीछे, नई सड़क, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 19.12.2019 में उसके द्वारा (1) माननीय मुख्यमंत्रीजी का पत्र दिनांक 09/11/19 पर की गई कार्यवाही संबंधी पत्राली की प्रतिलिपि कार्यालय टिप्पणी सहितं, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थीपक्ष अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.(अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) से आज दिनांक तक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के बारे में प्रार्थी को 15 दिवस में उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	